# कार्यालय, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह स्वशासी महाविद्यालय, रीवा म.प्र.

## निविदा प्रपत्र

GOVT. T.R.S. COLLEGE, REWA

MADHYA PRADESH

वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु विभिन्न सामग्रियों एवं सेवाओ के आपूर्ति हेतु निविदा द्वितीय अवसर

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की प्रारभिक तिथि एव् समय 08-08-2023 / 11.00 बजे दिन ।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एव् समय-28-08-2023 / 4.00 बजे शाम तक ।

तकनीकी निविदा खुलने की तिथि एव् समय-31-08-2023 / 2.00 बजे दोपहर ।

वित्तीय निविदा खुलने की तिथि एव् समय-04-09-2023 / 2.00 बजे दोपहर।

## निविदा प्रपत्र का मूल्य:- 500/- (पांच सौ रूपए मात्र)

**निविदा क्रमांक** :- 1966 **दिनांक** 7/8/23

# कार्यालय, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह स्वशासी महाविद्यालय, रीवा म.प्र.

## द्वितीय अवसर खुली निविदा आमंत्रण सूचना

सूचित किया जाता है की शासकीय ठाकुर रणमत सिंह स्वशासी महाविद्यालयए रीवा की वर्ष 2023-24 के लिए निम्नलिखित सामग्री क्रय एव् सेवाओ हेतु खुली निविदा दिंनाक 28-08-2023 समय सांय 04 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आवेदन के साथ निविदा फॉर्म के निर्धारित मूल्य 500/-(पांच सौ रूपए मात्र) का ऑनलाइन जमा पावती केनरा बैंक का प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के जनभागीदारी के खाता क्र. 1411101021158 IFSC कोड CNRB 0001411 जमा कर फर्म के लैटर पैड में आवेदन के साथ जमा कर निविदा फॉर्म सामग्री की सूची सहित पूर्ण विवरण स्टोर शाखा से प्राप्त किया जावेगा।

| क्र. | विवरण | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| 1. | कारपेंटर,दरवाजा ,खिड़की रिपेयरिंग का कार्य। | 5,000/ |
| 2. | वाटर आर.ओ.प्लांट एव् आर.ओ 10 LTR क्षमता वाले से सम्बंधित सामग्री के क्रय एव् रिपेयरिंग का कार्य/ रख –रखाव का कार्य। | 5,000/ |
| 3. | उत्तर पुस्तिका एव् विभिन्न प्रपत्रों का मुद्रण का कार्य हेतु ,एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र मुद्रण का कार्य,शोध पत्रिका महाविद्यालय वार्षिक पत्रिका अर्चना एवं न्यूज़ बुलेटिन का प्रकाशन / सोवेनियर का मुद्रण 100 पेज /150 पेज। | 10,000/ |
| 4. | छात्रो के प्रवेश शुल्क विवरण हेतु सॉफ्टवेयर का कार्य। | 5,000/ |
| 5. | फ्लैक्स /बैनर/विनायल /पोस्टर /प्रपत्र एवं मीडिया / प्रचार संबंधी कार्य,अलग-अलग आकार में । | 5,000/ |
| 6. | महाविद्यालय में आयोजित होने वाले सेमिनार /वर्कशॉप /विशेष व्याख्यान आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं सेवा। | 5,000/ |
| 7. | महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में फोटोग्राफी एवं वीडियो ग्राफी का कार्य। | 5,000/ |
| 8. | नोटिस वोर्ड /दीवारों पर पेंट द्वारा लिखावट का कार्य। | 5,000/ |
| 9. | महाविद्यालय के सभी गार्डन के रख-रखाव /मौसमी पुष्पीय पौधे लगाने का कार्य। | 5,000/ |
| 10. | कंप्यूटर लैव फर्नीचर निर्माण का कार्य प्रति वर्ग फिट की दर। | 5,000/ |
| 11. | रेडक्रॉस से सम्बंधित कार्य। | 5,000/ |

1. निविदा पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर दिनाक 28-08-2023 समय सांय 04 बजे तक जमा की जा सकती है।
2. प्राप्त तकनीकी निविदाये कक्ष क्रमांक 35 में महाविद्यालय के निविदा समिति के उपस्थित निविदाकार के समक्ष दिनांक 31/08/2023 समय 02 बजे खोली जावेगी। निविदाकार उक्त दिनांक को समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे।
3. प्राचार्य का निर्णय अंतिम एव् सर्वमान्य होगा।

प्राचार्य
शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय
रीवा म.प्र.

## महाविद्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु विभिन्न सामग्रीयो एवं सेवाओ की आपूर्ति हेतु नियम एवं शर्त :-

1. शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा को प्रतिष्ठित स्थापित और वित्तीय रूप मजबूत एवं पंजीकृत म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के प्रावधानों के अनुरूप आपूर्तिकर्ता एजेंसी की आवश्यकता है जो शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा को विभिन्न सामग्रीयो एवं सेवाओं की आपूर्ति प्रदान कर सके।
2. इच्छुक आपूर्तिकर्ता एजेंसी निविदा प्रपत्र की राशि के रूप में रूपए 500/-(रूपए पांच सौ मात्र) केनरा बैंक का प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के जनभागीदारी के खाता क्र. 1411101021158 IFSC- CNRB0001411 में जमा करना होगा। जमा रसीद के साथ सम्बंधित फर्म अपने लैटर पैड में आवेदन पत्र जमा कर निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के स्टोर शाखा से अंतिम तिथि के पहले तक प्राप्त कर सकता है।
3. इच्छुक आपूर्तिकर्ता एजेंसी धरोहर राशि (ई.एम.डी.) के रूप में सम्बंधित सामग्रियों एवं सेवाओ हेतु धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के नाम से जमा करेंगे। धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के लिफाफे में होना चाहिये। तकनीकी निविदा लिफाफे के साथ धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट न होने की स्थिति में वित्तीय निविदा नही खोली जाएगी। निविदा की धरोहर राशि में किसी भी प्रकार की छूट आपूर्तिकर्ता फर्म को प्रदान नही की जायेगी। प्रत्येक निविदा हेतु अलग –अलग ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र. | विवरण | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| 1. | कारपेंटर,दरवाजा ,खिड़की रिपेयरिंग का कार्य। | 5,000/ |
| 2. | वाटर आर.ओ.प्लांट एवं आर.ओ 10 LTR क्षमता वाले से सम्बंधित सामग्री के क्रय एवं रिपेयरिंग का कार्य/ रख –रखाव का कार्य। | 5,000/ |
| 3. | उत्तर पुस्तिका एवं विभिन्न प्रपत्रों का मुद्रण का कार्य हेतु ,एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र मुद्रण का कार्य,शोध पत्रिका महाविद्यालय वार्षिक पत्रिका अर्चना एवं न्यूज़ बुलेटिन का प्रकाशन / सोवेनियर का मुद्रण 100 पेज /150 पेज। | 10,000/ |
| 4. | छात्रों के प्रवेश शुल्क विवरण हेतु सॉफ्टवेयर का कार्य। | 5,000/ |
| 5. | फ्लैक्स /बैनर/विनायल /पोस्टर /प्रपत्र एवं मीडिया / प्रचार संबंधी कार्य,अलग-अलग आकार में । | 5,000/ |
| 6. | महाविद्यालय में आयोजित होने वाले सेमिनार /वर्कशॉप /विशेष व्याख्यान आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं सेवा। | 5,000/ |
| 7. | महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में फोटोग्राफी एवं वीडियो ग्राफी का कार्य। | 5,000/ |
| 8. | नोटिस बोर्ड /दीवारों पर पेंट द्वारा लिखावट का कार्य। | 5,000/ |
| 9. | महाविद्यालय के सभी गार्डन के रख-रखाव /मौसमी पुष्पीय पौधे लगाने का कार्य। | 5,000/ |
| 10. | कंप्यूटर लैब फर्नीचर निर्माण का कार्य प्रति वर्ग फिट की दर। | 5,000/ |
| 11. | रेडक्रॉस से सम्बंधित कार्य। | 5,000/ |

4. सामग्रीयो एवं सेवाओं की आपूर्ति दरें समस्त करों सहित शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के भंडार में पहुँचाकर अनलोड करने सहित होनी चाहिए| प्रस्तुत किए गए बिलों से महाविद्यालय द्वारा भारत सरकार / म.प्र.सरकार TDS के नियमों के अनुसार अग्रिम कर की राशि काटी जाएगी |

5.निविदा तीन लिफाफा पद्धति में जमा करना होगा | प्रथम लिफाफा के उपर तकनीकी निविदा का लिफाफा एवं किस कार्य हेतु निविदा जमा की जा रही है लिखा होना चाहिए | तकनीकी निविदा लिफाफे में निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किये जायेगे :-

A . निविदा की अमानत राशि रु 5000/- का डिमांड ड्राफ्ट |

B . निविदा फॉर्म प्राप्त करने हेतु जमा राशि रु 500/- की पावती |

C. तकनीकी निविदा प्रपत्र Annexure –A |

D. फर्म के स्थापना/पंजीयन से सम्बंधित दस्तावेज |

E. जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र |

F. पेन कार्ड की छाया प्रति |

G. सी.ए.द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र |

H. कार्य अनुभव से सम्बंधित दस्तावेज |

I. कैंसिल चेक की छाया प्रति |

J. घोषणा पत्र Annexure –B |

द्वितीय लिफाफा वित्तीय निविदा का होगा जिसके उपर वित्तीय निविदा प्रपत्र लिखा होना चाहिए | इस लिफाफे में केवल सामग्री की दरों का उल्लेख किया जायेगा | प्रथम व द्वितीय लिफाफा तीसरे लिफाफे के अन्दर अलग अलग सील बंद करके रखे जायेगे | इस लिफाफे के ऊपर मुख्य लिफाफा एवं जिस कार्य हेतु निविदा प्रस्तुत की जा रही है उसका उल्लेख होना चाहिए | अगर किसी आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा लिफाफा पद्धति के नियमानुसार निविदा जमा नहीं की जाती है तो निविदा अमान्य कर दी जायेगी |

6. लिफाफे के ऊपर साफ़ अक्षरों में निविदा क्र.निविदा का विवरण, आपूर्तिकर्ता फर्म का नाम, पता एव् दूरभाष नंबर के साथ कार्यालय प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, कॉलेज चौक रीवा म.प्र.486001 की और प्रेषित होना चाहिये|

7. हितो का टकराव- इस खंड के तहत महाविद्यालय के वर्तमान/ और उनके करीबी रिश्तेदारों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जाता है | भविष्य में यदि चयनित बोलीदाता के सम्बन्ध में इस तरह की जानकारी सामने आती है तो अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा|

8. मद क्रमांक 10 उत्तर पुस्तिका एवं विभिन्न प्रकार के मुद्रण कार्य हेतु निविदाकर्त्ताओ के अनुभव तथा वित्तीय स्थिति से सम्बंधित शर्त्तो निम्न प्रकार होगी :-

a. महाविद्यालय में उच्च कुशल गुणवत्ता वाले आपूर्तिकर्ता से अनुबंध स्थापित हो इस हेतु आपूर्तिकर्ता के पास कम से कम विगत 5 वर्षो का शासकीय महाविद्यालयो या शासकीय कार्यालयो में सम्बंधित कार्य की आपूर्ति / सेवा प्रदाय करने का अनुभव होना चाहिये,आपूर्तिकर्ता के द्वारा अनुबंध या कार्यादेश की प्रमाणित प्रति निविदा के साथ संलग्न करे |

b. आपूर्तिकर्ता की वित्तीय स्थिति के सम्बन्ध में सी.ए.द्वारा प्रमाणित टर्नओवर सर्टिफिकेट जिसमे निविदाकार का विगत तीन वर्षो में कम से कम 50 लाख का औसत टर्नओवर हो |

9. अन्य सामग्री /सेवाओं के आपूर्तिकर्ता की वित्तीय स्थिति के सम्बन्ध में सी.ए.द्वारा प्रमाणित टर्नओवर सर्टिफिकेट जिसमे निविदाकार का विगत तीन वर्षो में कम से कम 10 लाख का औसत टर्नओवर हो |

10. आपूर्ति पूर्ण होने के पश्चात आपूर्ति गुणवत्ता समिति के द्वारा गुणवत्ता सामग्री का सत्यापन का प्रमाण पत्र उपरांत ही देयक बिल का भुगतान किया जाएगा

11. आपूर्तिकर्ता फर्म का पंजीकरण होना अनिवार्य है |

12. किसी भी स्तर में फर्जी दस्तावेज पाए जाने पर निविदा निरस्त करने के साथ साथ निविदाकार के विरुद्ध क़ानूनी कार्यवाही एव् अमानत राशि राजसात करने की कार्यवाही की जायगी |

13. मदवार न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म को उक्त कार्य हेतु अनुबंधित किया जायेगा | उक्त फर्म को महाविद्यालय में कार्य की आवश्यकतानुसार /नवीन कार्य /सामग्री की मांग होने पर महाविद्यालय द्वारा जारी कार्यादेश अनुसारसामग्री की आपूर्ती / प्रदायगी करनी होगी |

14. शोध पत्रिका से सम्बंधित विस्तृत जानकारी महाविद्यालय में उपस्थित होकर स्टोर शाखा से/ महाविद्यालय कीवेबसाइट पर देखा जा सकता है |

15. निविदाओ को स्वीकृत / निरस्त करने के सम्बन्ध में समस्त अधिकार प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के पक्ष में सुरक्षित रहेगे |

16. किसी भी विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय अंतिम माना जाएगा एवं विवाद की स्थिति में जिला न्यायालय रीवा में वाद प्रस्तुत किया जा सकेगा | निविदा की शर्तो तथा भुगतान के सम्बन्ध में प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय का निर्णय अंतिम रूप से सहर्ष स्वीकार होगा |

17. न्यूनतम दर वाली फर्म यदि सामग्री की आपूर्ती / प्रदायगी समयावधि में नहीं कर पाती है तो न्यूनतम दर से उपर की दर वाली फर्म को आदेश दिया जायेगा |

18. फर्म द्वारा प्रदान की जाने वाली दर एम.आर.पी.से कम होनी चाहिए | किसी भी स्थिति में प्रदाय की गयी सामग्री का भुगतान एम.आर.पी. दर से अधिक पर नही किया जायेगा |

19. फर्म द्वारा प्रदत्त दरे जी.एस.टी. सहित होनी चाहिए ,अर्थात पृथक से जी.एस.टी. का भुगतान नहीं किया जायेगा |

20. मदवार न्यूनतम दर वाली फर्म को अनुबंधित की जाने वाली सामग्रीयो का नमूना परीक्षण एवं बाजार में उपलब्ध सामग्रीयो के अनुसार सामग्री पर अंकित एम.आर.पी. की दर का परीक्षण महाविद्यालय की गुणवत्ता जाँच समिति से कराना होगा |

21. गुणवत्ता जाँच समिति द्वारा नमूना सामग्रीयो के परीक्षण के पश्चात सामग्री की गुणवत्ता के सम्बन्ध में प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ही गुणवत्ता युक्त सामग्रीयो एवं बाजार में उपलब्ध सामग्रीयो की एम.आर.पी. दर का परीक्षण अनुसार फर्म द्वारा प्रस्तुत न्यूनतम दर पर ही अनुबंध किया जायगा |

22.उक्त सामग्रीयों का जिनका बाजार में एम.आर.पी. दंर निश्चित नहीं होता ,उनका नमूना परीक्षण सामग्री की गुणवत्ता एवं न्यूनतम दर के अनुसार सामग्री की उपयुक्तता को गुणवत्ता समिति के परीक्षण के पश्चात् प्रतिवेदन के आधार पर ही अनुबंध किया जायेगा |

23.कार्यादेश पर फर्म द्वारा नमूना परीक्षण हेतु प्रस्तुत सामग्रीयो से भिन्न प्रदाय सामग्री अथवा कम गुणवत्ता की प्रदाय सामग्री स्वीकार नहीं की जायेगी |

24.कार्यादेश जारी किये जाने के पश्चात् दो दिवस के अंदर समस्त सामग्री महाविद्यालय के स्टोर कक्ष में पहुचाने की जिम्मेदारी सम्बंधित फर्म की होगी | यदि सम्बंधित फर्म के द्वारा कार्यादेश में निर्देशित सामग्रीयो की प्रदायगी महाविद्यालय की गुणवत्ता समिति द्वारा अनुमोदित गुणवत्ता युक्त सामग्री नियत समय में प्रदाय नही की जाती है ,तब फर्म के विरुध्द वित्तीय शस्ति (पुराने देयकों से 10% की कटौती ) एवं ब्लैकलिस्टेड किये जाने की कार्यवाही की जायेगी |

दिनाकः- ....................

प्राचार्य
शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय
रीवा ( म.प्र.)

## तकनीकी निविदा प्रपत्र

**(Annexure-A)**

सामग्री एव् सेवा का नामः-.......................................................................................

| क्र. | विवरण | जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | फर्म के स्थापना का पंजीयन क्र एव् दिनाक {फर्म कम से कम 3 वर्ष पहले से पंजीकृत हो} फर्म के पंजीयन दिनाक के सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेज संलग्न करे\| | |
| 3. | फर्म का सम्पूर्ण पता एव् दूरभाष | पता:-<br>दूरभाष:-<br>ई-मेल:- |
| 4. | फर्म के मालिक का नाम पता एव् संपर्क करने की जानकारी | नामः-<br>पता:-<br>मोबाइल न.:-<br>ई-मेल:- |
| 5. | निविदा प्रपत्र क्रय राशि 500 रूपए जमा करने की जानकारी | राशि रुपए:-<br>जमा दिनाकः-<br>बैंक का नामः-<br>UTR क्र.:- |
| 6. | निविदा की धरोहर राशि की जानकारी | राशि रूपए:-<br>दिनाकः-<br>जारीकर्ता बैंक का नाम:-<br>डिमांड ड्राफ्ट क्र:- |
| 7. | जी.एस.टी. नंबर | |
| 8. | पैन नंबर | |
| 9. | विगत 3 वर्षो में फर्म का औसत टर्नओवर {सी.ए. द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करे} | |
| 10. | निविदाकर्ता के बैंक की जानकारी<br>{कैंसल चेक संलग्न करे} | खाताधारक का नाम:-<br>खाता क्र.:-<br>खाते का प्रकार:-<br>(चालू/बचत खाता)<br>बैंक का नाम:-<br>बैंक शाखा का पता:-<br>आई.एफ.एस.सी कोड:-<br>एम.आई.सी.आर. कोड:- |
| 11. | फर्म पंजीकरण संख्या | |
| 12. | नोटरी द्वारा सत्यापित घोषणा पत्र संलग्न है\|(हां/नही) | |

दिनाकः-
स्थानः-

निविदाकार का हस्ताक्षर सील सहित
फर्म का नामः-
निविदाकार का नाम:-

### घोषणा पत्र

मै सहर्ष घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त प्रस्तुत समस्त दरें प्रदाय की जाने वाली सामग्री के एम.आर.पी. रेट के अंदर है ,जिसमे जी.एस.टी. की दरे भी सम्मिलित है | पृथक से जी.एस.टी. का भुगतान फर्म के द्वारा नहीं माँगा जायेगा | महाविद्यालय द्वारा निर्धारित समस्त शर्तो को स्वीकार करते हुये सामग्री / सेवा प्रदाय करने हेतु वचनबद्ध हूँ |

हस्ताक्षर

फर्म का नाम ..............................................

फर्म का रजिस्ट्रेशन नं.. ..............................................

(Annexure-B)

# घोषणा पत्र (शपथ पत्र)

## (100 रूपए के नान-ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में प्रस्तुत किया जाएगा)

1. मैं भारत का नागरिक हूँ |
2. मैं भारतीय संविदा अधिनियम के अनुसार निविदा कार्य के लिए सक्षम हूँ |
3. मुझे म.प्र. शासन के किसी भी विभाग द्वारा निविदा कार्य से काली सूची में नहीं किया गया है |
4. मुझे महाविद्यालय की निविदा शर्ते सहर्ष स्वीकार है |
5. शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के किसी अधिकारी/कर्मचारी से मेरा कोई सम्बन्ध (रक्त/वैवाहिक / पारिवारिक ) नहीं है |
6. मेरे संस्था के विरुद्ध केंद्र / राज्य सरकार को देय किसी भी प्रकार का कर बकाया नहीं है |
7. हमारी संस्था के विरुध्द सी.बी.आई. / लोकायुक्त / ई.ओ.डब्लू./ शासकीय कार्यालय इत्यादि में कोई जाँच लंबित नही है और न ही किसी न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज है और नही दण्डित किया गया है |
8. मेरे द्वारा प्रस्तुत जानकारी सही है | असत्य पाये जाने पर मेरे विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही के लिए जाने पर मै स्वयं उत्तरदायी रहूँगा |

गवाह के हस्ताक्षर

1. गवाह का नाम....................................
   पता..................................................
2. गवाह का नाम....................................
   पता..................................................

निविदाकार के हस्ताक्षर
संस्था के समक्ष अधिकारी का नाम -
पता –